प्रयागराज में लगेगा रेल-नीर का प्लांट, UPSIDA ने दी जमीन

2.5 एकड़ जमीन पर लगेगा प्लांट, रोज 1 लाख बोतल पानी का उत्पादन होगा

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर : इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिजम कॉरपोरेशन प्रयागराज में बोतलबंद पानी रेल नीर बनाने का प्लांट लगाएगा। इसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने कॉरपोरेशन को 2.5 एकड़ जमीन आवंटित की है। सरस्वती हाईटेक सिटी में लगने वाले इस प्लांट में 25 करोड़ रुपये का निवेश होगा। रेलवे यात्रियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण पानी पिलाने के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन भी होगा।

प्रदेश में अमेठी के गौरीगंज में भी रेल नीर का एक प्लांट लगाया गया है। इस प्लांट से प्रदेश के बड़े रेलवे स्टेशनों को बोतलबंद पानी की आपूर्ति की जाती है। इसके अलावा हापुड़ में भी एक प्लांट लगा है। प्रयागराज में प्रस्तावित तीसरे संयंत्र में प्रतिदिन 1 लाख बोतल पानी का उत्पादन होगा। यूपीसीडा अधिकारियों का कहना है कि यूपीसीडा के इंडस्ट्रियल एरिया में रेल-नीर जैसा प्रॉजेक्ट आने से विकास को गति मिलने के साथ निवेशकों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत होगा। प्लांट की प्रयागराज स्टेशन से दूरी 5 किमी, एयरपोर्ट से 25 किमी और निकटतम हाइवे से 15 किमी है।

बनारस में 100 एकड़ में बनेगा टेक्सटाइल पार्क

■ NBT न्यूज, वाराणसी : वाराणसी की सेवापुरी विस क्षेत्र में टेक्सटाइल पार्क बनेगा। इसके साथ ही यहां कई अन्य बड़ी योजनाएं प्रस्तावित हैं। इन योजनाओं से सेवापुरी की तस्वीर बदल जाएगी। योजनाओं के प्रस्ताव केंद्र और राज्य सराकर को भेजे गए हैं। इन्हें जल्द मंजूरी मिलने की उम्मीद है। यह जानकारी एमएलसी धर्मेंद्र राय ने प्रदेश सरकार के आठ साल पूरा होने के मौके पर शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में दी। राय ने बताया कि टेक्सटाइल पार्क के लिए 100 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है। इसके बनने से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। सेवापुरी के गंजारी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बन रहा है।